राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर आयोजित किया गया किशारी उत्कर्ष पहल प्रोग्राम के लिए किशोरी प्रोत्साहन समारोह (समापन समारोह)

नेशनल, 25 जनवरी, 2024: किशोरी उत्कर्ष पहल एक बहु हितधारक साझेदार प्रोग्राम है। इस प्रोग्राम की शुरूआत भरूच के ज़िला प्रशासन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से किशोरियों के सशक्तीकरण हेतु की गई है। डीसीएम श्रीराम फाउन्डेशन अपनी सीएसआर पहल के तहत इस प्रोग्राम को समर्थन देता रहा है, वहीं भारतकेयर्स बाय सीएसआरबीओएक्स (एसएमईसी ट्रस्ट) इसका इम्प्लीमेंटिंग पार्टनर है। सभी हितधारकों एवं विभागों के संयुक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रशिक्षित की गई कुल 4180 किशोरियों में से 122 ग्राम जागृत किशोरियों और 10 तालुका जागृत किशोरियों को पहचाना गया।

किशोरी उत्कर्ष पहल श्री तुषार सुमेरा, आईएएस, कलेक्टर एवं ज़िला मजिस्ट्रेट भरूच का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसका उद्घाटन 24 जनवरी 2023 को 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' के अवसर पर किया गया था। प्रशिक्षित 'ग्राम एवं तालुका जागृत किशोरियों' को प्रेरित करने तथा झगाड़िया में इस प्रोजेक्ट पर रोशनी डालने के लिए 24 जनवरी 2024 को 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' के मौके पर झगाडिया के झगाड़िया इंडस्ट्रियल एसोसिएशन स्थित कॉन्फ्रैन्स हॉल में 'किशोरी प्रोत्साहन समारोह' का आयोजन किया गया। जहां 10 तालुका जागृत किशोरियों और 112 ग्राम जागृत किशोरियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर मौजूद गणमान्य दिग्गजों में– श्री तुषार शर्मा, आईएएस, कलेक्टर एवं ज़िला मजिस्ट्रेट; श्री डी.एस. बारिया, एसडीएम श्री, झगाड़िया, ममलातदार श्री, झगाड़िया; श्रीमति राओल, ज़िला शिक्षा अधिकारी; डॉ जे.एस. दुलेरा, मुख्य ज़िला स्वास्थ्य अधिकारी; डॉ दिव्येश परमार, शिक्षा इंस्पेक्टर; श्रीमति बी एल माहेरिया, सर्कल पुलिस इंस्पेक्टर, अंकलेश्वर शामिल थे। इस अवसर पर श्री बी.एम. पटेल, प्रेज़ीडेन्ट एवं सीओओ– कैमिकल्स, डीसीएम श्रीराम लिमिटेड और श्रीमति अमन पन्नु, प्रेज़ीडेन्ट, डीसीएम श्रीराम फाउन्डेशन तथा श्री विजय गोखले, ईडी, ओएनजीसी, अंकलेश्वर और श्री भोमिक शाह, ट्रस्टी, भारतकेयर्स भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत श्रीमति बी.एम. पटेल द्वारा शुरूआती सत्र के साथ हुई, जिसके बाद किशोरी उत्कर्ष पहल प्रोग्राम की यात्रा को दर्शाया गया। तालुका जागृत किशोरियों मिस याशवी पुरोहित और मिस तंजीमा शेख ने किशोरी उत्कर्ष पहल की वर्चुअल यात्रा पर रोशनी डाली और अपने लाईव अनुभवों को साझा किया।

किशोरियों के विकास को देखना सभी हितधारकों के लिए गर्व का अवसर रहा, यह परियोजना जिस तरह से ब्लॉक की किशोरियों के जीवन में बदलाव लेकर आई है, वह अपने आप में सराहनीय है।

श्रीमति स्वाति राव ने 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' तथा किशोरियों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

श्री तुषार सुमेरा, आईएएस, कलेक्टर एवं ज़िला मजिस्ट्रेट, भरूच ने किशोरियों को सम्बोधित किया और यह खिताब हासिल करने के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से यह पहल समुदाय में सकारात्मक बदलाव लेकर आई है। उन्होंने बताया कि यह परियोजना उनके लिए बहुत अधिक मायने रखती है और किस तरह उनकी उम्मीदों से परे जाकर प्रभावशाली साबित हुई है।

मिस अमन पन्नु और श्री भोमिक शाह ने बताया कि किस तरह उनका संगठन इस पहल से जुड़ा रहा है और संगठन ने यह सुनिश्चित किया है कि यह परियोजना समुदाय की हर किशोरी तक पहुंचे।

10 तालुका जागृत किशोरियों को पुरस्कार, प्रमाणपत्र और टैबलेट से सम्मानित किया गया। 112 ग्राम जागृत किशोरियों को पुरस्कार, प्रमाणपत्र दिया गया, साथ ही उनके मास्टर ट्रेनर्स को भी उनके योगदान के लिए प्रमाणपत्र दिए गए।